# दिनांक–03.07.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में बाढ़ प्रक्षेत्र के विभिन्न मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

दिनांक–03.07.2026 को सचिब, जल संसाधन बिभाग की अध्यक्षता में बाढ़ प्रक्षेत्र के बिभिन्न मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों की समीक्षात्मक बैठक (Hybrid Mode) सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गयाः–

(i) ई0 वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना।
(ii) सभी मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र (VC के माध्यम से)
(iii) ई० विवेक गौरव, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना।
(iv) सभी अधीक्षण अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र (VC के माध्यम से)
(v) ई० अनुराग शर्मा, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–15, पटना।
(vi) ई० अभिनव आनन्द, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–16, पटना।
(vii) ई० चन्दन कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–17, पटना।
(viii) ई० मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–18, पटना।
(ix) बाढ़ प्रक्षेत्र से संबंधित कार्यपालक अभियंता (VC के माध्यम से)
(x) कार्यों से संबंधित संवेदक।

सर्वप्रथम सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों की समेकित रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वर्तमान में मुख्य अभियंता, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन 12 अदद कार्य, मुख्य अभियंता, पटना एवं वीरपुर परिक्षेत्राधीन 01 अदद, मुख्य अभियंता, कटिहार परिक्षेत्राधीन 03 अदद, मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन 05 एवं मुख्य अभिंयता, गोपालगंज परिक्षेत्राधीन 02 अदद कार्य प्रगति में है। उक्त कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्ता एंव विशिष्टि के साथ पूर्ण करने हेतु संबंधित मुख्य अभियंताओं को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर/पटना/वीरपुर/कटिहार/मुजफ्फरपुर/गोपालगंज)**

तदोपरांत आपदा मद/आर.एम.बी.ए. मद के तहत बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे निम्नांकित 06 अदद कटाव निरोधक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान की गयी समीक्षा एवं दिये गये निदेश निम्नवत् हैः–

1. **<u>इस्माइलपुर–बिन्दटोली तटबंध के स्पर–8 और स्पर–9 के बीच क्षतिग्रस्त तटबंध का पुनर्स्थापन एवं सुरक्षात्मक कार्य एवं स्पर–9 का पुनर्स्थापन एवं सुरक्षात्मक कार्य (एजेंडा सं0–242/135/2026)</u> :–**

   - इस्माईलपुर–बिन्दटोली तटबंध के स्पर संख्या–8 एवं 9 के बीच कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य की प्रगति में तेज़ी लाने हेतु निदेशित किया गया। कार्यों का दैनिक कार्यक्रम तैयार करते हुए तदनुसार शेष बचे कार्यों को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही ज़िन रीचों में Sheet Pile Driving का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन रीचों में स्लोप पीचिंग का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साथ ही दैनिक कार्यक्रम के अनुसार कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से स्थल पर बोल्डर की आपूर्ति, शीट पाईल एवं श्रमबल में अपेक्षित बढ़ोत्तरी लाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण कटिहार/एन0एन0टी0 डेवलपर्स लिमिटेड)**

2. **गंगा नदी के बाएं किनारे पर झल्लूदास और ज्ञानीदास टोला में कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–244 / 34 / 2026) :–**

- झल्लूदास–ज्ञानीदास ग्राम के सुरक्षार्थ कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य की प्रगति में तेज़ी लाने हेतु निदेशित किया गया। कार्यों का दैनिक कार्यक्रम तैयार करते हुए तदनुसार शेष बचे कार्यों को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। Vulnerable रीचों में कार्य सर्वप्रथम पूर्ण करने का निदेश दिया गया। दैनिक कार्यक्रम के अनुसार कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से स्थल पर बोल्डर की आपूर्ति, शीट पाईल, जी0आई0 वायर क्रेट एवं श्रमबल में अपेक्षित बढ़ोत्तरी लाने का निदेश दिया गया। साथ ही Porcupine Laying का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालन–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण कटिहार/ मेसर्स बृजनन्दन सिंह)**

3. **सारण तटबंध के कि0मी0 46.550 से कि0मी0 48.030 के बीच गंडक नदी के दायें तट पर ग्राम–हैजलपुर के समीप कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–243 / 03 / 2026):–**

- कार्य को दिनांक–30.06.2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत है। मुख्य अभियंता, गोपालगंज द्वारा सूचित किया गया कि अगले दो दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। गुणवत्ता एवं विशिष्टि के साथ शीघ्रातिशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एंव जल निस्सरण, गोपालगंज)**

4. **गंगा नदी के बाएं किनारे बल्ली टोला से सबलपुर पछियारी टोला तक कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–242 / 105 एवं 106 / 2026) :–**

- कार्य को दिनांक–15.07.2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 30 प्रतिशत है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य हेतु वांछित संसाधनों (समाग्री / श्रमबल / मशीनरी) के पर्याप्त मात्रा में स्थल पर उपलब्धता नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित है। विभागीय पत्रांक–3443 दिनांक–19.06.2026 द्वारा संवेदक को डिबार किया गया है।
- मुख्य अभियंता, गोपालगंज द्वारा सूचित किया गया कि संवेदक द्वारा दिनांक–30.07.2026 तक का संशोधित वर्क प्रोग्राम समर्पित किया गया है, परन्तु संशोधित वर्क प्रोग्राम के अनुसार वांछित संसाधन भी वर्तमान में कार्य स्थल पर उपलब्ध नहीं है।
- इस संदर्भ में पृच्छा किये जाने पर कार्य के संवेदक द्वारा बताया गया कि संसाधनों के कार्य स्थल पर उपलब्धता हेतु वांछित कार्रवाई की जा रही है एवं अगले तीन–चार दिनों में पर्याप्त मात्रा में संसाधन (समाग्री / श्रमबल / मशीनरी) कार्य स्थल पर उपलब्ध करा दिये जायेंगे एवं कार्य को संशोधित तिथि तक पूर्ण करा लिया जायेगा।
- कार्य हेतु वांछित संसाधन यथा समाग्री / श्रमबल / मशीनरी की पर्याप्त मात्रा में कार्य स्थल पर शीघ्रातिशीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए कार्य में समानुपातिक प्रगति लाने एवं कार्य को संशोधित तिथि तक गुणवत्ता एवं विशिष्टि के साथ पूर्ण कराने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया।
- मुख्य अभियंता, गोपालगंज को कार्य की अपने स्तर से सघन प्रबोधन करने एवं संशोधित तिथि तक गुणवत्ता एवं विशिष्टि के साथ पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज /पवन मिश्रा, संवेदक, एम.एस.ए. कंस्ट्रक्शन प्रा0लि0, कोलकाता)**

**5. बी.के.जी. तटबंध के 58.00 कि0मी0 से 59.20 कि0मी0 के बीच गंगापुर, भुसौला, नंदपुर और दामोदरपुर (जवईनिया) ग्राम के समीप गंगा नदी के दायें तट पर कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–244/38/2026) :–**

- कार्य को दिनांक–15.07.2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 46 प्रतिशत है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य हेतु वांछित संसाधनों (समाग्री/श्रमबल/मशीनरी) के पर्याप्त मात्रा में स्थल पर उपलब्धता नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित है। विभागीय पत्रांक–3153 दिनांक–08.06.2026 द्वारा संवेदक को डिबार किया गया है।
- मुख्य अभियंता, पटना को समीक्षोपरांत संशोधित वर्क प्रोग्राम अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।
- कार्य के संबंध में मुख्य अभियंता, पटना को दिनांक–06.07.2026 तक पूरी लंबाई में एप्रोन, 5 बेडबार एवं परक्यूपाईन कास्टिंग कार्य पूर्ण करने तथा स्लोप में 25–30 मी0 लंबाई में कार्य प्रारम्भ करने हेतु निदेशित किया गया।
- कार्य हेतु वांछित संसाधन यथा समाग्री/श्रमबल/मशीनरी की पर्याप्त मात्रा में कार्य स्थल पर शीघ्रातिशीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए कार्य में समानुपातिक प्रगति लाने एवं कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के साथ संशोधित तिथि तक पूर्ण कराने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया।
- मुख्य अभियंता, पटना को कार्य की अपने स्तर से सघन प्रबोधन करने एवं संशोधित तिथि तक गुणवत्ता एवं विशिष्टि के साथ पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना/सिंधुजा इंजिनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, गया)**

**6. जमला–रसलपुर ग्राम के समीप 1314 मी0 की लंबाई में एवं बैरगेनिया रिंग बाँध पर 900 मी0 की लंबाई में कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–214/23/2024) :–**

- मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर को संवेदक से कार्य का पुनरीक्षित वर्क प्लान अविलंब प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया।
- समीक्षा के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि इस कार्य को पूर्ण करने हेतु वांछित समाग्री (बोल्डर एवं क्रेट) की कार्य स्थल पर कमी है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि अविलंब बोल्डर एवं क्रेट की आपूर्ति सुनिश्चित कराते हुए हर हाल में पुनरीक्षित वर्क प्लान के अनुसार कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय।
- कार्य के संवेदक द्वारा बताया गया कि अन्य कटाव निरोधक कार्यों में पैसा लंबित है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि योजनाओं में बकाया राशि के भुगतान हेतु अविलंब नियमानुकूल कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

**अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

ह0/–

(डॉ० चन्द्रशेखर सिंह)
सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0–36 / 2019– 2769 पटना, दिनांक– 07-07-2026

प्रतिलिपिः–माननीय उप मुख्य (जल संसाधन) मंत्री के आप्त सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

07/07/2026

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0–36 / 2019– 2769 पटना, दिनांक– 07-07-2026

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, समस्तीपुर / पटना / वीरपुर / कटिहार / मुजफ्फरपुर / गोपालगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। मुख्य अभियंता अपने स्तर से संबंधित संवेदकों को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

07/07/2026

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0–36 / 2019– 2769 पटना, दिनांक– 07-07-2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई.टी., जल संसाधन विभाग को बैठक की कार्यवाही विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

07/07/2026

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण